# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

शुक्रवार

12 जनवरी 2023

आपकी आवाज




राष्ट्रपति से सम्मानित पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला, हाथ में लगी गोली 2



### सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिखाई हरी झंडी

# अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई हवाई सेवा

♦ अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल, 15 जनवरी से मुम्बई के लिए भी होगी उड़ान सेवा

**केटी न्यूज/अयोध्या**

धर्मनगरी अयोध्या में प्रभु श्री राम के दर्शन-पूजन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद-अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का गुरुवार को शुभारंभ किया।

अयोध्या-अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गयी है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है। आगामी 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के पश्चात मुम्बई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 जनवरी 2024 से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है। मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार की गतिविधियों को इससे बड़ा प्रोत्साहित करने वाला बताया। प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत 03 वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39. 68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार तथा प्रयागराज में 45 हजार थी। जबकि वर्ष 2022-23 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 52.20 लाख, वाराणसी में 25.21 लाख, गोरखपुर में 7.18 लाख तथा प्रयागराज में 5.71 लाख हो गयी।



### आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक



श्रीराम, लक्ष्मण और सीता का रूप में नजर आए यात्री।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना है कि एक सामान्य नागरिक भी हवाई जहाज में यात्रा करे, हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सेवा का लाभ उठाये। राज्य सरकार इस परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 05 वर्ष पहले तक एक छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। लेकिन आज वहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है। इसलिए प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप सरकार ने सड़क, रेल और वायु मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए 821 एकड़ की भूमि राज्य सरकार ने उपलब्ध कराई और केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने समयबद्धता के साथ विश्वस्तरीय एयरपोर्ट तैयार कराया। उत्तर प्रदेश में इंडियो एयरलाइन्स की उपस्थिति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिगो द्वारा उत्तर प्रदेश के 08 नगरों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली तथा अयोध्या से उड़ान सुविधा दी जा रही है। इसमें लगातार बढोतरी भी हो रही है।

# अभूतपूर्व होगा श्रीराम का स्वागत, प्रदेश में चलेगा स्वच्छता अभियान

♦ मुख्यमंत्री 14 जनवरी को अयोध्या से करेंगे स्वच्छता अभियान की शुरूआत

♦ प्रदेश के गांव-गांव और नगर-नगर में चलेगा अभियान, सजेंगे स्कूल-कॉलेज और दफ्तर

**केटी न्यूज/अयोध्या**



जिस प्रकार प्रतिवर्ष दीपावली से पहले हम साफ सफाई और रंग रोगन के बाद अपने अपने घरों को आकर्षक झालरों और दीपों से सजाते हैं, ठीक उसी तर्ज पर योगी सारकार 22 जनवरी से पहले पूरे प्रदेश को चमकाने, सजाने और संवारने जा रही है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मकर संक्रांति से इस महाअभियान की शुरूआत करेंगे। सीएम योगी अयोध्या से स्वच्छता अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसके बाद प्रदेश के हर गांव, हर नगर और प्रत्येक मोहल्ले में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर विकास और पंचायती राज विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**नगर विकास और पंचायती राज विभाग के लिए निर्देश जारी:** अयोध्या में होने जा रहे भव्य मंदिर के उद्घाटन और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से नगर विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। 14 जनवरी से शुरू होने जा रहे स्वच्छता के महाअभियान की कमान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। इसके बाद अगले 9 दिन तक प्रदेश के हर हिस्से में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यही नहीं प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष सफाई अभियान की कमान संभालेंगे।

### साफ होगी एक एक नाली, राम की पैड़ी भी होगी निर्मल

अयोध्या में ना केवल मुख्य मार्ग बल्कि रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट से मंदिर तक के मार्ग पर गंदगी और धूल को पूरी तरह से साफ करने के निर्देश हैं। इसके अलावा अयोध्या की प्रत्येक नालियों की सफाई, ड्रेनेज और यूटिलिटी डस्ट की सफाई के साथ ही बड़े पैमाने पर सफाई कर्मियों की टीम को लगाने के भी निर्देश हैं। इसमें 3800 पुराने और 1500 नये सफाई कर्मियों की तैनाती की जानी है। वहीं खाद् विभाग को निर्देश दिये गये हैं कि अयोध्या के सभी पेट्रोल पंप और ग्रीन कॉरीडोर पर मौजूद शौचालयों की रेगुलर जांच कर उनकी स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा नया घाट पर 1.37 किमी तक नदी पर बैरियर बनाकर राम की पैड़ी की सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

### हाईवे बनेंगे ग्रीन कॉरीडोर, लगेंगी रामचरित मानस की होर्डिंग्स

इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी से अयोध्या के राजमार्गों को ग्रीन कॉरीडोर बनाते हुए इन मार्गों की समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इन मार्गों पर रामचरित मानस की चौपाइयों की होर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे। साथ ही साथ प्रदेश के सभी सरकारी इमारतों और स्कूल कॉलेज को सजाने के भी निर्देश हैं। प्रदेश के सभी कार्यालयों को 22 से 26 जनवरी तक रंग बिरंगे झालरों और प्रकाश से सजाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

# ममता बनर्जी ने एक देश-एक चुनाव को लेकर जताई आपत्ति

**एजेंसी/कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस की चीफ और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने 'एक देश-एक चुनाव' को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने एक देश एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखा है। इस पत्र में ममता बनर्जी ने 'एक देश-एक चुनाव' को लेकर असहमति जताई और लिखा कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना भारत की संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है।

पत्र में ममता बनर्जी ने लिखा कि 'साल 1952 में पहले आम चुनाव केंद्र के साथ राज्य स्तर पर भी हुए थे। कुछ साल तक ऐसे ही चला, लेकिन फिर यह सह अस्तित्व टूट गया। मुझे दुख है कि मैं इस एक देश-एक चुनाव के कॉन्सेप्ट के साथ सहमत नहीं हो सकती। हम आपके प्रस्ताव से असहमत हैं। ममता के अनुसार, वेस्टमिंस्टर सिस्टम में संघीय और प्रदेश स्तर के चुनाव अलग-अलग होना प्रमुख विशेषता है, जिसे बदला नहीं जाना चाहिए। इसी तरह भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में भी संघीय और प्रदेश स्तर के चुनाव अलग-अलग होना आधारभूत विशेषता है।

### समिति ने आम जनता से भी मांगे हैं सुझाव

एक देश-एक चुनाव को लेकर गठित समिति ने राजनीतिक पार्टियों से इसे लेकर सुझाव मांगे हैं। जिस पर ममता बनर्जी ने अपना जवाब दिया है। रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने आम लोगों से भी इसे लेकर राय मांगी है। जस्टिस ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला विधि आयोग एक देश-एक चुनाव पर कानूनी पहलू की पड़ताल कर रहा है जल्द ही सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप सकता है।

### जीतन राम मांझी का दावा... कभी भी पलटी मार सकते हैं नीतीश

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने दावा किया है कि 14 जनवरी के बाद बिहार के राजनीति में कुछ भी हो सकता है। नीतीश कुमार कभी भी पलटी मार सकते हैं। नीतीश कुमार को बीजेपी के बुलावे का इंतजार है। बीजेपी अगर आज बुलाती है तो नीतीश कुमार जाने के लिए तैयार हो जाएंगे। लालू यादव पहले से नीतीश कुमार को पलटू राम कहते आ रहे हैं।

हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब जीतन राम मांझी ने इस तरह का दावा किया है। 2 दिन पहले भी जीतन राम मांझी ने ऐसा ही दावा किया था और कहा की 14 जनवरी के बाद बिहार के राजनीति में कुछ भी हो सकता है। बीजेपी प्रवक्ता राकेश सिंह ने कहा था, 'जीतन राम मांझी वरिष्ठ नेता हैं और बहुत जानकर भी हैं। लेकिन अब पलटी मार कर जाएंगे कहां? बीजेपी ने उनके लिए दरवाजा बंद कर दिया है।

# मणिपुर में अपहरण कर तीन लोगों की हत्या, एक लापता

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में हिंसा, मर्डर और आगजनी की घटनाएं शांत होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य से मर्डर की घटना सामने आई जहां एक कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यक्ति सहित उसके तीन बेटों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी। यह घटना मणिपुर के चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिले के बीच एक पहाड़ी इलाके की बताई जा रही है।

रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि मणिपुर की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर बिष्णुपुर के अकासोई गांव के चार लोग कड़ाके की सर्दी में जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने के लिए पास के जंगल में गए थे। लापता हुए लोगों के परिवारों द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, संदिग्ध विद्रोहियों द्वारा पहले उनका अपहरण किया गया और फिर उन्हें कथित रूप से प्रताड़ित किया गया और मार डाला गया। बिष्णुपुर के कुंभी में पुलिस ने जंगल में जाकर शव बरामद किए। सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान को जारी रखा है।

### हथियारबंद बदमाशों ने किया हमला

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीणों ने कहा कि ए दारा सिंह, ओ रोमेन, टी इबोम्चा और उनके बेटे टी आनंद बुधवार को लकड़ी लेकर आ रहे थे, तभी उन पर हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने संदेह जताया है कि सभी हमलावर दूसरे जातीय समूह से संबंधित थे। बाद में ग्रामीणों ने विभिन्न कूकी संगठनों द्वारा संचालित सोशल नेटवर्क प्लेटफॉर्म पर दो लापता व्यक्तियों के क्षत-विक्षत शव देखे। इस बीच पुलिस ने कहा एक व्यक्ति के बारे में जानकारी नहीं मिल रही है।

# बीजेपी ने ठेका ले रखा है, जो आए वो हिंदू: सांसद मनोज झा

**एजेंसी/पटना**

आरजेडी सांसद मनोज झा ने राम मंदिर पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी पर हमला बोला है। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए मनोज झा ने कहा कि कितना दुर्भाग्यपूर्ण क्षण होगा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम के ईर्द-गिर्द भी आप राजनीति करेंगे? मेरे और मेरे राम के बीच सीधा ताल्लुक है। गांधीजी मंदिर जाकर राम भक्त नहीं बनते थे, वह अवधारणा अंदर थी, इसलिए हे राम कहते हुए स्वर्ग गए।

आरजेडी सांसद ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा, आप कौन हैं? बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना? आपने ठेका ले रखा है कि जो आए वो हिंदू? मैं अपनी बात करूं तो मंगलवार को हनुमान मंदिर में बहुत भीड़ होती है तो मैं नहीं जाता हूं। बुधवार को जाता हूं। कोई बाद में जाएगा कोई पहले जाएगा. मेरे और ईश्वर के बीच में ये जो ठेकेदारी का सिस्टम है विकसित किया है, ये मैं समझता हूं कि कभी हिंदू धर्म का भी स्वभाव नहीं रहा है। बता दें कि 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होनी है। लाखों की संख्या में भीड़ जुटने वाली हैं। इस कार्यक्रम को लेकर लेकर विपक्ष की ओर से बयानबाजी भी हो रही है।

# सीवान में दो जमीन कारोबारी की हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार की सुबह सीवान के सराय ओपी थाना क्षेत्र के माहपुर दलित टोला में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों जमीन का कारोबार करते थे। जानकारी के अनुसार मरने वाले दोनों व्यक्ति भी आपराधिक छवि के थे। जमीन विवाद को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया है।

मृतकों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के तेलहटा निवासी कालीचरण और सराय ओपी थाना क्षेत्र के माहपुर निवासी धर्मेंद्र डोम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि माहपुर दलित टोला में स्थानीय लोगों ने अचानक ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज सुनी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने करीब जाकर देखा तो दोनों व्यक्ति के शव खून से लथपथ पड़े हुए थे। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

### 12 जिंदा कारतूस बरामद, खोखा भी मिला

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सराय ओपी की पुलिस पहुंची. दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने घटनास्थल से 12 जिंदा कारतूस और गोली का खोखा बरामद किया है। दोनों मृतक के ऊपर हत्या, लूट एवं बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के कांड दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस अज्ञात बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### एसपी बोले... जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे अपराधी

इस पूरे मामले में सीवान के एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि दोनों मृतक आपराधिक छवि के थे। घटना का कारण प्रथम द्दष्टया आपसी विवाद प्रतीत हो रहा है। पुलिस घटना के कारणों का अनुसंधान कर रही है। अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ई-वाहन एक्सपो का फीता काटकर किया उद्घाटन

# नीतीश कुमार के मन को भायी 52 लाख वाली इलेक्ट्रिक कार


**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मौर्या होटल परिसर में आयोजित ई-वाहन एक्सपो कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। ई-एक्सपो में मुख्यमंत्री ने सभी स्टॉलों पर जाकर विभिन्न कंपनियों द्वारा लगायी गयी ई-वाहनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी कार्य पद्धति और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। आयोजक ईशा ने बताया कि मुख्यमंत्री को अपने लिए दो गाड़ियां पसंद आई। इसका उन्होंने मुआयना किया। एक गाड़ी की कीमत 52 लाख रुपये है उन्होंने अपने कारकेट के लिए दो गाड़ियां पसंद की हैं।

टोयोटा कंपनी के अधिकारी राजन वर्मा ने बताया कि सुबह में जॉइंट सेक्रेटरी दीपक कुमार के द्वारा पत्र के जरिए चार गाड़ियों का आर्डर किया गया है जो प्रति गाड़ी 29 लाख रुपये है। यह चार गाड़ियां सीएम सचिवालय में जाएंगी और उसके लिए हमें पैसे भी मिल चुके हैं। ईशा ने बताया कि काफी खुशी हुई कि प्रदूषण मुक्त गाड़ियों का यहां एक्सपो एक दिनों के लिए लगाया गया था, लेकिन जिस तरह का रिस्पांस मिला है उसको देखते हुए एक दिन और बढ़ाकर हम लोग 2 दिन कर दिए हैं और अब पटना के बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हम एक्सपो लगाएंगे ताकि बिहार के अन्य लोगों को भी बैटरी पर चलने वाली गाड़ियों के बारे में जानकारी मिल सके और वह खरीद सके।

उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी देने वाले राज्यों में बिहार देश के एक महत्वपूर्ण अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ स्वच्छ ईंधन वाले वाहनों को अपनाने के उद्देश्य से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 को मंजूरी दी गयी है। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 के तहत विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए क्रय प्रोत्साहन तथा मोटरवाहन कर में छूट प्रदान की गयी है। दोपहिया वाहन, तिपहिया वाहन (मालवाहक एवं यात्री वाहन), हल्के मोटरवाहन (मालवाहक एवं यात्री वाहन) तथा भारी मोटरवाहन को प्रोत्साहित करने के लिए मोटरवाहन करों में 75 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है।

# लूट-हत्या सहित आधा दर्जन कांडों में वांटेड 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

- उदवंतनगर के भगवतीपुर गांव से पकड़ा गया इनामी
- रेस्टोरेंट मैनेजर हत्याकांड सहित पांच घटनाओं में वांछित टॉप टेन अपराधी में था शामिल

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर की मुफस्सिल थाने की पुलिस ने रेस्टोरेंट मैनेजर से लूटपाट और हत्या सहित पांच कांडों में वांटेड 25 हजार के इनामी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव निवासी जय किशोर सिंह का पुत्र है। भोजपुर के टॉप टेन अपराधियों की सूची में उसका नाम छठे स्थान पर है। उसके खिलाफ आरा के मुफस्सिल, नवादा और उदवंतनगर थानों मे लूटपाट और आर्म्स एक्ट जैसे पांच अपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके गिरोह के तीन सदस्य पहले से जेल में हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात सूचना मिली कि 25 हजार रुपये का इनामी अपराध कर्मी विकास कुमार अपने गांव आया है। वह किसी बड़े आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। उस आधार पर उसकी गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित की गयी। टीम द्वारा भगवतीपुर गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने मुफस्सिल थाने से जुड़े हत्या व लूटपाट एवं उदवंतनगर थाना क्षेत्र से जुड़े लूट कांड में शामिल होने की बात स्वीकार की है। अपने कुछ साथियों के नाम भी बताया है। टीम में मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा, दारोगा मनीष कुमार और उदवंतनगर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार समेत डीआईयू के अफसर शामिल थे। विकास कुमार की गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

एसपी ने बताया कि भगवतीपुर गांव निवासी विकास कुमार एक कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या और लूट सहित पांच मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बता दें कि 27 अगस्त की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर के समीप अपराधियों ने लूटपाट के दौरान रेस्टोरेंट मैनेजर विशाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में विकास कुमार का नाम आया था। वहीं लूट व आर्म्स एक्ट में भी वह वांछित था।

## खबरें फटाफट

### नकली नमक बनाने का हुआ भंडाफोड़

**मखदुमपुर।** थाना क्षेत्र के पाई बीघा रोड स्थित एनएच पैलेश में पुलिस ने छापेमारी कर नकली नमक बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया के उन्हें अजय कुमार ग्राम सिरिपुर थाना महादिपुर सारण द्वारा सूचना दी गई थी कि पाई बीघा रोड में टाटा कंपनी का नकली नमक बनाकर बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इसके बाद बताए स्थान पर दलबल के साथ पहुंची मखदुमपुर थाने की पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली टाटा नमक बरामद किया गया। वहीं पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी घर छोड़कर भागने में सफल रहे।

### ट्रक से टकराई ऑटो, आधा दर्जन मजदूर घायल

**औरंगाबाद ।** राष्ट्रीय राजमार्ग -19 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रायपुरा मोड़ के समीप गुरूवार की सुबह मजदूरों से भरी एक ऑटो सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गयी। इस घटना में आधा दर्जन मजदूर घायल हो गये। घायलों मे शहर के दानी बिगहा मुहल्ला स्थित वार्ड नंबर दो निवासी सुनील पाल, अनुज राम, रिना देवी, सरिता देवी एवं भरत राम समेत अन्य शामिल हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल अनुज राम ने बताया कि सभी लोग महाराणा प्रताप चौक से ऑटो में बैठकर मजदूरी करने जोगिया गांव जा रहे थे, जैसे ही ऑटो रायपूरा मोड़ के समीप पहुंची, वैसे ही ऑटो अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई।

### तीन हाइवा जब्त चालक फरार

**औरंगाबाद।** फ्लाई ऐश की ढुलाई नियमों के विपरीत की जा रही है जिसके मद्देनजर ज़िला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में नरारी कलां थाना की पुलिस द्वारा ओवर लोड फ्लाई ऐश लदा तीन हाइवा जब्त किया गया। जबकि चालक फरार हो गए। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के मेह चौंक पर की गई।


## उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एकौना के समीप की वारदात, अस्पताल में भर्ती

# राष्ट्रपति से सम्मानित पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला, हाथ में लगी दो गोली

- घात लगाकर बैठे बाइक सवार दो तीन अपराधियों ने पूर्व मुखिया की गाड़ी पर की ताबड़तोड़ फायरिंग
- बिजनेस पार्टनर से मिलने के बाद गांव लौट रहे स्कॉर्पियो सवार पूर्व मुखिया को बनाया गया निशाना

**केटी न्यूज/आरा**





भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना के समीप गुरुवार की दोपहर अपराधियों ने स्कॉर्पियो सवार पूर्व मुखिया विनोद सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। पूर्व से घात लगाए बाइक सवार हमलावरों की ओर से पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता की स्कॉर्पियो गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गयी। हमलावरों द्वारा आधा दर्जन से राउंड फायरिंग किये जाने की बात कही जा रही है। उसमें पूर्व मुखिया के बाये हाथ में दो गोलियां लग गयी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है।

इधर, फायरिंग में पूर्व उनकी स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के मूल में पूर्व से चल रहा जमीन संबंधी विवाद बताया जा रहा है। जख्मी पूर्व मुखिया विनोद सिंह गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव के रहने वाले हैं। वह पूर्व में बगवां पंचायत के मुखिया रह चुके हैं। उन्हें 2009 में पंचायत में बेहतर काम के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी पत्नी भी जिला परिषद की सदस्य भी रह चुकी है। गोली मारने का आरोप एकौना गांव निवासी निरंतर सिंह के पुत्र सहित दो-तीन अन्य लड़कों पर लगा है। इधर, पूर्व मुखिया को सरेराह गोली मारे जाने की घटना से सनसनी मच गयी। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार भी पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले की छानबीन की। पूर्व मुखिया से घटना की पूरी जानकारी ली। वहीं हमलावरों की पहचान लिये सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया। घटनास्थल से कुछ खोखे भी बरामद किये गये हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पूर्व के विवाद में गोली मारने की बात सामने आ रही है। घटना के स्पष्ट कारणों की जानकारी लेने के लिए गहराई से जांच की जा रही है। गोली मारने वाले पूर्व मुखिया के परिचित हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पूर्व से चल रहा था जमीन का विवाद, एकौना गांव से लौटते समय किया गया हमला

पूर्व मुखिया विनोद सिंह ने बताया कि आरोपितों से पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उस मामले में पूर्व मे उनके द्वारा उदवंतनगर थाने में केस भी किया गया था। उसी समय से उन आरोपितों द्वारा उन्हें टारगेट किया जा रहा था। गुरुवार की सुबह वह अपने पार्टनर मोहन सिंह से मिलने के लिए उदवंतनगर थाने के दक्षिण एकौना गांव गए थे। दोपहर में उनसे मिलकर वह स्कॉर्पियो से गांव लौट रहे थे। तभी दक्षिण एकौना गांव के समीप तीन की संख्या में पेड़ के पीछे पहले से घात लगाए बैठे आरोपितों द्वारा उन पर जानलेवा हमला कर दिया गया। तब ताबड़तोड़ फायरिंग की गयी, जिसमें उन्हें दो गोलियां लग गयी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनकी गाड़ी पर भी तीन चार गोलियां लगी है। उससे उनकी गाड़ी पंचर हो गई। उसके बाद आरोपित हवाई फायरिंग करते बाइक पर सवार होकर भाग निकले। उन्होंने निरंतर सिंह नामक व्यक्ति के बेटे सहित अन्य लोगों पर पूर्व के विवाद में गोली मारने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में उनके समर्थक आनन-फानन में हॉस्पिटल पहुंच गए। पूर्व विधायक विजेंद्र यादव सहित अन्य वरीय नेता भी पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# पांच सौ रुपए के विवाद में युवक की हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव में बुधवार की रात महज पांच सौ रुपए के विवाद में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। घर से बुलाकर ले जाने के बाद मारपीट करने, गला दबाकर और आंख में चाकू मार हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। उसका शव गुरुवार की सुबह गांव के सरवरी पुल समीप तेलहन के एक खेत से बरामद किया गया। मृत युवक बारा बसंतपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण सिंह का 20 वर्षीय पुत्र मोहन सिंह उर्फ छोटक था।

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा पहुंचे और मामले की छानबीन की। परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों की ओर से महज पांच सौ रुपये के विवाद में गांव के दोस्तों पर ही गला दबाकर और दोनों आंख में चाकू मारकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि प्रथम द्दष्टया गला दबाकर हत्या करने की बात ही सामने आयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आंख में चाकू मारने की बात स्पष्ट हो सकेगी।

### पैसे देने के नाम पर ले गया और कर दी हत्या

बारा-बसंतपुर गांव निवासी राधा सिंह ने उसका छोटा भाई मोहन सिंह और गांव के वकील महतो के पुत्र एक ही ठेकेदार के पास काम करते थे। उसके भाई का कुछ पैसा ठेकेदार के पास था। वकील महतो के पुत्र द्वारा पहले ही ठेकेदार से पांच सौ रुपए ले लिया गया था। मोहन उस पैसे की मांग कर रहा था, लेकिन वकील महतो के पुत्र द्वारा टालमटोल किया जा रहा था। इस बीच बुधवार की रात करीब नौ बजे वकील महतो का लड़का उनके घर पर आया और मोहन को बुलाकर अपने साथ ले गया था। वहां पहले से अन्य लड़के भी मौजूद थे। उसके बाद सभी लोग उसे सरवरी पुल के पास ले गए और वहां पार्टी की। उसके बाद उसके भाई की गला दबाकर और दोनों आंख में चाकू मार हत्या कर दी।

# गोह में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में छापेमारी, किया गया सील

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



औरंगाबाद के गोह में डीएम के निर्देश पर गुरुवार को स्थानीय प्रसाशन व चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा एक अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिंग होम में छापेमारी करते हुए उसे सील कर दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिनव चंद्र ने बताया कि बीडीओ राजेश कुमार, दिनकर सीओ मुकेश कुमार व थानाध्यक्ष कमलेश पासवान की मौजूदगी में गोह के तुलसी बिगहा में अवैध रूप से संचालित पटना नर्सिंग होम के संचालक डॉ अरबिंद कुमार नर्सिंग होम का दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद जांच टीम ने उक्त नर्सिंग होम को सील कर दिया। छापेमारी टीम के द्वारा छापेमारी की छापेमारी से अवैध क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब हो कि उपहारा, देवकुंड व गोह क्षेत्र में कई अवैध अस्पताल हैं। अवैध अस्पताल के संचालकों की लापरवाही के चलते दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है।

## एक नजर

### अवैध रूप से चल रहे आरा मशीन के खिलाफ पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान, दो जब्त

**जहानाबाद।** जहानाबाद वन विभाग द्वारा आरा मशीन के खिलाफ गुरुवार को छापामारी अभियान चलाया गया। रेंजर ऑफिसर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि सूचना मिली थी कि धनगावा एवं जाफरगंज में अवैध रूप से आरा मशीन का संचालन हो रहा है, इन लोगों को एक महीना पहले नोटिस देकर आरा मशीन को बंद करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन नोटिस मिलने के बाद भी जाफरगंज निवासी कलाम आलम एवं धनगावा गांव निवासी भूषण मिस्त्री द्वारा अवैध रूप से आरा मशीन का संचालन कर रहा था। जिसे छापामारी कर सारा सामान जब्त कर लिया गया है। छापामारी करने वन विभाग के पदाधिकारी जैसे ही पहुंचे आरा मशीन संचालक फरार हो गया। इस कार्रवाई से आरा मशीन संचालक में हड़कंप मच गया।

### वाहन चालकों ने किया सड़क जाम

**जहानाबाद।** हिट एंड रन कानून को लेकर वाहन चालक उतरे सड़क पर पटना गया सड़क एन एच 83 को वाहन चालकों ने गुरुवार की सुबह जाम कर दिया। इससे आम लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। वाहन चालक कारू गोप ने बताया कि हम लोगों ने स्टेरिंग छोड़ने का फैसला लिया है जब तक कानून वापस नहीं होगा तब तक हम लोग वाहन नहीं चलाएंगे। वहीं जहानाबाद इस्लामपुर सड़क को खपुरा मोड़ पर आगजनी कर सड़क को जाम कर दिया। उन लोगों का कहना है कि जिस तरह से कानून बनाया गया है कानून लागू हो जाने पर हम लोगों को वाहन चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा हम लोग जुर्माना कहां से भर पाएंगे इसलिए सरकार को इस कानून में संशोधन करना चाहिए।

### औरंगाबाद का टॉप टेन इनामी बदमाश गिरफ्तार हत्या व आर्म्स एक्ट मामले में था फरार

**औरंगाबाद।** डीआईओ की टीम को बड़ी सफलता मिली हैं जिसमे ज़िले के एक टॉप - 10 इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया बदमाश उपहारा थाना क्षेत्र के डरवां गांव निवासी भीमा यादव उर्फ डोमा यादव हैं। इसके विरुद्ध औरंगाबाद एवं गया ज़िले में विभिन्न थानों में हत्या सहित आर्म्स के कांड दर्ज हैं। यह पिछ्ले काफी दिनों से फरार था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर डीआईओ प्रभारी राम इकबाल यादव के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के द्वारा की गई। प्रेसवार्ता के जानकारी देते हुऐ पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि पकड़े गए आरोपित के विरुद्ध औरंगाबाद एवं गया ज़िले के चार कंडो में हत्या सहित आर्म्स का मामला दर्ज. हैं, यह पिछ्ले काफी दिनों से फरार चल रहा था। इस पर बिहार सरकार ने 25000 रुपए के इनाम की घोषणा की थी। इसी क्रम में तकनीकी श्रोतों से आसूचना प्राप्त हुआ कि औरंगाबाद जिला के कुख्यात टॉप-10 अपराधकर्मी भीमा यादव उर्फ डोमा यादव जबकि बड़ी घटना को कारित करने हेतु गोह थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है। इसी सूचन पर भीमा को गिरफ्तार किया गया।

### जमाबंदी रद्दीकरण के प्राप्त हुए वाद पर यथा जल्द लिया जाएगा फैसला: अपर समाहर्ता

**औरंगाबाद।** जमाबंदी रद्दीकरण के विभिन्न वादों पर अपर समाहर्ता द्वारा आदेश पारित करते हुए गैर मजरूआ मालिक झील खाता की भूमि की जमाबंदी रद्द कर दिया गया। उक्त जमाबंदी रद्द वाद हसपुरा अंचल अधिकारी द्वारा संधारित करने के पश्चात जमाबंदी रद्द करने हेतु अनुशंसा के साथ अपर समाहर्ता कार्यालय में भेजा गया था। उक्त भूमि हसपुरा अंचल के अंतर्गत मौजा-अमझर शरीफ, थाना संख्या- 29 के खाता संख्या-140, प्लॉट संख्या-1049, कुल रकबा 26 एकड़ 15 डिसमिल की है जिसमें से 8 एकड़ 17 डिसमिल भूमि पर वाद संधारित था जो कि गैर मजरूआ मालिक किस्म झील खाते की है। अंचल अधिकारी द्वारा उक्त भूमि की जांच राजस्व कर्मचारी से करवाया गया एवं राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन के पश्चात जमाबंदी रद्दीकरण हेतु अनुशंसा सहित अपर समाहर्ता कार्यालय को प्राप्त हुआ था। बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 के खंड 9 के अंतर्गत अपर समाहर्ता को जमाबंदी रद्दीकरण की शक्ति प्राप्त है। इस संदर्भ में अपर समाहर्ता द्वारा विपक्षी को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। परंतु विपक्षी अपना पक्ष रखने में असफल रहे। उच्च न्यायालय ने सीडब्लूजेसी संख्या 9692/2015 में आदेश पारित करते हुए जल क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही वाद ग्रस्त भूमि का जमाबंदी कायम करने संबंधी कोई सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। अतः अंचल अधिकारी, हसपुरा के अनुशंसा के आलोक में अपर समाहर्ता द्वारा उक्त वादों में प्रेम कुमार, कुमार अमरावती, अरविंद कुमार एवं शशि रंजन कुमार के नाम से चल रही जमाबंदी रद्द करते हुए कुल 8 एकड़ 17 डिसमिल सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश किया। अपर समाहर्ता ने बताया कि उनके न्यायालय में और भी जमाबंदी रद्दीकरण के वाद प्राप्त हुए हैं जिन पर यथा शीघ्र फैसला लिया जाएगा।

### श्रीराम जन्म भूमि का पूजित अक्षत निमंत्रण पत्र वितरित

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड में लगातार श्रीराम जन्मभूमि का पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र को लेकर भाजपा के कार्यकताओं द्वारा घर घर वितरित किया जा रहा हैं। इसके साथ गृह स्वामी से इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने की अपील की जा रही हैं। इसको लेकर गुरुवार को वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में डिहुरी ,सरसोल,हथियारा,चापुक झिकटिया गांव में दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ घूमकर सभी घरों तक पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचाते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील कर रहे हैं।

# 31 जनवरी तक शत प्रतिशत ऋण का भुगतान करें सभी बैंक: डीएम

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

उद्योग विभाग द्वारा संचालित रोजगार सृजन की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उधम उन्नयन योजना की बैंकवार एवं शाखावार समीक्षा जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में की गई। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मो. अफ्फान ने सभी पदाधिकारीयों का स्वागत किया। जिला पदाधिकारी ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार सृजन करने हेतु ऋण स्वीकृती एवं भुगतान में दिलचस्पी नहीं लेने वाले बैंक कर्मियों को फटकार लगाई एवं सभी बैंको को लक्ष्य के अनुरूप 15 जनवरी तक स्वीकृति एवं 31 जनवरी तक शत प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने उद्योग विभाग के उद्योग विस्तार पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन शाखाओं में कम आवेदन है या नहीं है उन शाखाओं में आवेदन भेजना सुनिश्चित करें एवं बैंक और लाभार्थी के बीच जो भी समस्या आ रही है उसका निदान करें।

### जन संवाद की तर्ज पर होगा शिक्षा संवाद

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष मे शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित करने हेतु डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। शिक्षा संवाद , जन संवाद की तर्ज पर आयोजित की जायेगी। इसके तहत छात्रों एवं अभिभावकों को शिक्षा विभाग की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित की जायेगी। यह संवाद जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित की जायेगी। इस संवाद में स्वास्थ्य विभाग, लेबर डिपार्टमेंट, नियोजन विभाग, डीआरसीसी इत्यादि द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी नहीं रहने की स्थिति में आए दिन उन योजनाओं का लाभ वे नहीं ले पाते हैं। इसी कारण जन संवाद की तर्ज पर शिक्षा संवाद कार्यक्रम किया जाएगा।






# कृषि कॉलेज के छात्रों ने प्राचार्य पर मारपीट का आरोप लगा घेरा थाना

- छात्रों का आरोप जबरन हॉस्टल से खदेड़ रहे थे प्राचार्य, प्राचार्य ने छात्रों को बताया अनुशासनहीन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में सबकुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। गुरुवार को कॉलेज के दर्जनों छात्र अचानक थाना पहुंचे तथा हंगामा करने लगे। उनका आरोप था कि कॉलेज क प्राचार्य डा. मुकेश कुमार सिन्हा उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार करते है तथा कहते है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। गुरुवार को सुबह उन्होंने अचानक सातवें सेमेस्टर के छात्रों को हॉस्टल खाली करने का फरमान सुनाया। जबकि इस सेमेस्टर के छात्रों को आरएडब्लूई प्रशिक्षण में तीन महीने के लिए जाना है। वहीं प्राचार्य नये छात्रों के लिए हॉस्टल खाली करने को कह रहे थे। जबकि छात्रों का तर्क था कि वे यहां के हॉस्टल का शुल्क जमा कर चुके है। इसी बात पर प्राचार्य ने एक छात्र की पिटाई कर दी तथा अन्य छात्रों को हॉस्टल खाली नहीं करने पर जबरन हाथ पकड़ बाहर करने की धमकी देने लगे। इसके बाद छात्र उग्र हो गए तथा हंगामा मचाते हुए थाना पहुंचे। यहां छात्रों ने प्राचार्य के खिलाफ लिखित आवेदन भी दिया है। जिसमें आरोप लगाया है कि प्राचार्य उनका शारीरिक व मानसिक शोषण करते है। आवेदन पर दर्जनों छात्रों ने अपना हस्ताक्षर भी किया है। छात्रों आरोप था कि यह एक दिन का मामला नहीं है। छात्रों के हंगामा मचाने के कारण पूरे दिन कॉलेज में अफरा तफरी मची रही।

**विवादों में घिरते जा रहे प्राचार्य:** कृषि कॉलेज के नये प्राचार्य डा. मुकेश कुमार सिन्हा को अभी इस कॉलेज का प्रभार लिये मात्र छह महीना ही हुए है, लेकिन इतने कम समय में ही वे विवादों से घिरते जा रहे है। अभी कुछ दिन पहले ही कॉलेज परिसर में हरे पेड़ो की कटाई का मामला तूल पकड़ा है तथा इस मामले में वन विभाग के रेंजर ने उनपर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश भी दिया था। इसके बाद अब छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। सातवें समेस्टर के छात्रों का आरवे प्रशिक्षण चल रहा है, सभी छात्र प्रशिक्षण में चले गए है। एक छात्र नहीं गया था, जिसे नये छात्र के लिए कमरा खाली करने को कहा गया। तो वह अन्य छात्रों को भड़का हंगामा मचाने लगा। प्राचार्य ने कहा कि पूर्व में छात्रों ने कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया है। प्राचार्य ने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि छात्रों ने भी प्राचार्य पर अपनी करतूतों को छिपाने के लिए सीसीटीवी कैमरा तोड़ने का आरोप लगाया है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:** वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज के छात्रों ने प्राचार्य के खिलाफ आवेदन दिया है। छात्रों ने प्राचार्य पर मारपीट करने, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देने तथा धमकाने का आरोप लगाया है। जांच के बाद ही इस मामले में उचित कार्रवाई होगी। **– दिनेश कुमार मालाकार, थानाध्यक्ष, डुमरांव**

## एक नजर

### स्वच्छता सर्वेक्षण में बक्सर नगर परिषद को मिला राज्य में तीसरा व देश में 299वां स्थान

**बक्सर।** राष्ट्रीय स्तर कराए गए स्वच्छता सर्वेक्षण में बक्सर नगर परिषद को राज्य में तीसरा व देश में 299 वां स्थान मिला है। रैंकिंग जारी होने के बाद नगर परिषद के अधिकारी से लेकर कर्मियों ने हर्ष जताया है। यह सफलता नगर परिषद के कर्मियों की जिम्मेदारी के साथ कार्य करने एवं बेहतर ढंग से मॉनिटरिंग करने से यह सफलता प्राप्त हो सका है। यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर पर एक लाख से दस लाख आबादी वाले 446 शहरों की सूची में बक्सर का स्थान 299वां है। वहीं राज्य स्तर पर 31 शहरों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिसे नगर परिषद प्रथम स्थान पर ले जाने के लिए आगे और भी जोर शोर से प्रयास शुरू कर दिया है। इसके लिए लोगों को भी सहयोग करने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि शहरों की स्वच्छता की रैंकिंग कई पैमाने को देखते हुए किया जाता है। स्वच्छत सर्वेक्षण शहरों की साफ-सफाई, कचरों का प्रबंधन, ओडीएफ की स्थिति, कचरा डंपिंग स्थल, डोर-टू-डोर कचरा का उठाव, गीला एवं सूखा कचरा का पृथक्करण कार्य आदि को देखते हुए किया जाता है। जिसमें पिछले वर्ष की स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले साल राज्य स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया था। जो फिलहाल 2023 की स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरे पायदान पर पहुंच चुका है। बता दें कि बक्सर नगर परिषद का स्वच्छता के मामले में बेहतर प्रदर्शन लगातार हो रहा है। इस क्रम में बक्सर नगर परिषद ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है।

### जननायक की जयंति को सफल बनाने पर चर्चा

**बक्सर।** जदयू द्वारा 24 जनवरी को पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में जननायक कपूर्री ठाकुर का जयंती शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। इसको लेकर जदयू कार्यकताओं ने तैयारियों तेज कर दी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुरूवार को बक्सर के एक निजी सभागार में तैयारी समिति की बैठक हुई। इस बैठक में पूर्व मंत्री सह महादलित आयोग के अध्यक्ष संतोष कुमार निराला ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर ने हमेशा भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाया था। वे सच्चे समाजवादी तथा सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखने वाले थे। पूर्व मंत्री ने कार्यकताओं को इस आयोजन को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पटना ले जाने के लिए प्रेरित करने को कहा। मौके पर पार्टी के मगध प्रमंडल के प्रभारी राज किशोर दांगी, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, प्रदेश सचिव विनोद राय, सह प्रभारी अजीत सिंह, रंजीत झा, धीरज कुशवाहा, राजकुमार शर्मा, मंटू उपाध्याय, पंकज मानसिंका, बद्री भगत, संतोष कुमार चौधरी, नथुनी खरवार, हरेंद्र सिंह, बबन चौधरी, संजय सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय चौधरी, अशोक पटेल, सुरेश चौहन, शैलेश ठाकुर, शिवजी चौधरी, तिलकधारी पांडेय, नंदजी प्रसाद समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री जीयर स्वामीजी का प्रो एके दुबे को मिला आशीर्वाद



**डुमरांव।** बक्सर लोकसभा के भावी उम्मीद्वार प्रोफेसर डॉ एके दुबे ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ लोकसभा क्षेत्र के दुर्गावती, मोहनिया, दिनारा में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान परम पूजनीय श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने एक जनसभा के दौरान कहा कि लोकसभा के पूर्व जनप्रतिनिधियों ने बक्सर के विकास की अनदेखी की। महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि क्षेत्र की जितना विकास होना चाहिए जिला बनने के बाद भी इसका विकास नही हो पाया। बक्सर मेरा जन्म भूमि है। इसका विकास ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के साथ मैं दिल्ली से अपने गांव लौटा हूं। उन्होंने कहा कि बक्सर क्षेत्र में रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था चरमरा गयी है। यहां के युवाओं को पढ़ाई और बेराजगारों को रोजगार के लिए भटकना नही पड़ेगा। इस क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान खोले जायेंगें और गरीब बच्चों को मुफ्त में किताब-कॉपी उपलब्ध कराया जायेगा। इसके पूर्व बक्सर के इटाढ़ी, कोरानसराय, डुमरांव और नियाजीपुर में भी जनसंपर्क अभियान के दौरान सभा की गयी।

## खबरें फटाफट

### किशोरी के अपहरण का खुलासा

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन दिन पहले अनुसूचित जाति की एक किशोरी को बहला फुसलाकर गांव का ही एक युवक भगा ले गया था। इस मामले में किशोरी के पिता ने एफआईआर दर्ज करायी थी। पुलिस ने तीन दिन के अंदर आरोपी युवक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। वहीं युवक के साथ किशोरी को भी बरामद कर लिया गया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि आरोपी उपेन्द्र यादव पिता दीनानाथ यादव को जेल भेजा जा रहा है, जबकि किशोरी को धारा-164 के तहत बयान के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा।

### रेडक्रॉस की नई टीम को दी बधाई

**डुमरांव।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी बक्सर के नवनिर्वाचित चेयरमैन सुरेश अग्रवाल, सचिव डॉ श्रवण तिवारी, उपाध्यक्ष सौरभ तिवारी और कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल सहित प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों को डुमरांव के समाजसेवियों ने बधाई दी है। इनमें रेडक्रॉस सोसायटी जिला उप शाखा के पूर्व सचिव शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहन गुप्ता, पूर्व कोषाध्यक्ष अमरनाथ केशरी, कृष्णमुरारी, अखिलेश केशरी, श्यामजी गुप्ता, रौशन गुप्ता, पवन कुमार, अजय गुप्ता, केके गुप्ता, सुरेश गुप्ता, महेंद्र सिंह, रमेश केशरी, प्रमोद जायसवाल, सोनू वर्मा, प्रशांत जायसवाल शामिल हैं।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में नवाडेरा के पास सड़क पर उतरे चालक

# ट्रक चालकों ने किया एनएच जाम, घंटों ठप रहा परिचालन, प्रशासन ने खदेड़ा





- जाम की सूचना पर तुरंत पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी
- जाम हटाने के कई बार अनुरोध करने के बाद भी हड़ताली चालक मानने को नहीं थे तैयार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



गुरूवार को एनएच 922 पर ट्रक चालकों के नेतृत्व में वाहन चालकों ने अचानक चक्का जाम कर दिया। इस दौरान नवाडेरा गांव के पास फोरलेन सड़क के दोनों लेन में ट्रक खड़ा कर परिचालन अवरूद्ध कर दिया गया था। सुबह-सुबह एनएच 922 को जाम करने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमा तुरंत सक्रिय हुआ तथा मौके पर नया भोजपुर ओपी के साथ ही डुमरांव थाने की टीम पहुंची। लेकिन हड़ताली ट्रक तथा अन्य वाहनों के चालक उनके अनुरोध को अनसुना कर दिए। इसके बाद डुमरांव बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। इस दौरान चालकों को समझा रहे डुमरांव डीएसपी के साथ चालक उनसे उलझ भी गए। लेकिन प्रशासन ने जब तेवर दिखाए तो सड़क जाम कर रहे वाहन चालक भाग खड़े हुए। करीब घंटा भर के कवायद के बाद सड़क से जाम हटाया गया। तब जाकर परिचालन बहाल हुआ। इस दौरान निजी वाहन चालकों तथा आम यात्रियों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी।

**हिट एंड रन कानून को लेकर सड़क पर उतरे थे चालक:** चालक केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नए हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग पर चक्का जाम किए थे। हालांकि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनों तथा केन्द्र सरकार के साथ हुई वार्ता के बाद तीन दिन पहले ही चालकों ने अपना हड़ताल स्थगित किया था। बताया जाता है कि किसी ने चालकों को भड़का दिया था कि केन्द्र सरकार फिर से इस कानून को लागू कर रही है। जिसके बाद चालक उग्र हो सड़क पर उतर आए थे। इस दौरान दो से तीन घंटे तक एनएच पर परिचालन ठप रहा।

### क्या कहते हैं बीडीओ

यात्री वाहनों के चालक गफलत में सड़क पर उतर आए थे। केन्द्र सरकार से वार्ता के बाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने अपना हड़ताल स्थगित कर दिया है। लेकिन चालाक किसी के बहकावे में आ गए थे। उन्हें समझा बुझाकर जाम हटवाया गया। **– संदीप कुमार पांडेय, बीडीओ, डुमरांव**

### कहते है डीएसपी

जाम की सूचना पर नवाडेरा के पास पहुंच जाम हटवाया गया। हिट एंड रन कानून के खिलाफ चालक सड़क पर उतरे थे। उन्हें दुबारा सड़क जाम नहीं करने की चेतावनी दी गई है। फिर से सड़क जाम करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। **– अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

# मांगों को लेकर डीलरों ने किया समाहरणालय का घेराव

**केटी न्यूज/बक्सर**



ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के आह्वान पर गुरुवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन बक्सर ने समाहरणालय का घेराव किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में डीलरों ने जोरदार नारेबाजी की तथा अपनी 16 सूत्री मांगों को बुलंद किया। इस दौरान एडीएम के माध्यम से डीलरों ने अपना मांग पत्र राज्य व केन्द्र सरकार को सौंपा है। जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण चौबे ने कहा कि राशन विक्रेता आज भी गुलाम है। इसके साथ सरकार दोहरी नीति अपना रही है। उन्होंने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को सरकारी सेवक का दर्जा देने या मानदेय 30 हजार रुपए करने की मांग की। वही अन्य राज्यों की तरह तीन सौ रुपया प्रति क्विंटल कमीशन में वृद्धि करने। आदि मांगे रखी।

वही हाल के दिनों में अन्य राज्य सरकारों द्वारा बढ़ाए गए कमीशन की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि डीलर ही सरकार की महत्वपूर्ण खाद्यान्न योजना का लाभ आम जनता को दे रहे है, लेकिन हमरा खुद का जीवन अंधकारमय हो गया है। पैसे के अभाव में बच्चों की पढ़ाई तथा बीमारों की दवाई बाधित हो रही है। राज्य व केन्द्र सरकार उदासीन बनी हुई है। ऐसी स्थिति में संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया जाएगा। जिला महामंत्री सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश डीपी बढ़ावा की अध्यक्षता में गठित निगरानी समिति को लागू किया जाए तथा ऐसा मानदेय दिया जाएगा। जिससे विक्रेताओं का जीवन यापन बेहतर हो सके। जिला प्रवक्ता हीरालाल वर्मा ने कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार के पास जन वितरण विक्रेताओं की मांग वर्षो से लंबित है। इसे पूरा करने के लिए विक्रेता बार-बार धरना प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अभी तक सरकार मांग को पूरा नहीं कर रही है। जिससे विक्रेता भुखमरी के कगार पर हैं। अनुमंडल अध्यक्ष भूतेश्वर सिंह ने कहा कि अगर विक्रेताओं की मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और धार दिया जाएगा तथा चक्का जाम किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि उनका फेडरेशन केन्द्र सरकार से 16 सूत्री तथा बिहार सरकार से 8 सूत्री मांग वर्षों से कर रहा है। अंत में डीलरों ने अपना मांग पर एडीएम प्रमोद कुमार को सौंपा।

मौके पर शिवचंद सिंह, विनोद पांडेय, देव मुनीराम, पारस सिंह, बैद्यनाथ यादव, बसंत राय, धीरेंद्र तिवारी, नर्देश्वर उपाध्याय, रमेश यादव, वीरेंद्र लाल, कमल सिंह, रामाश्रय यादव, श्याम पाठक, ओमप्रकाश पासवान, संजय प्रसाद, कमल चौधरी, चंद्रकेश राय, परमेश्वर राम, रजनी कुमारी, कुशेश्वर सिंह, अमरनाथ गुप्ता, इमरान खान व अन्य मौजूद थे।

### डीएम ने गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर की बैठक

**बक्सर।** गणतंत्र दिवस के आयोजन से संबंधित बैठक गुरुवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में हुई। अध्यक्षता डीएम अंशुल अग्रवाल ने की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम के सामने अपनी बातें रखी। डीएम ने सभी विभागों से अपनी-अपनी झांकियों की तैयारियों के संबंध में बारी बारी से जानकारी ली। झांकी निकालने, परेड संचालन एवं अन्य तैयारियों के संबंध में संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को किला मैदान एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानो के आस पास साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने उपस्थिति लोगों से कहा कि यह हमारा प्रमुख राष्ट्रीय त्योहार है तथा इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संत जॉन सेकेन्डरी स्कूल काली आश्रम में स्वामी विवेकानंद की जयंति पर गोष्ठी का आयोजन

# अद्वितीय संत थे स्वामी विवेकानंद, उनके जीवन से सीख लें युवा: डॉ. रमेश

- स्वामीजी को युवाओं पर भरोसा था उनका विश्वास था कि युवा ही देश को फिर से विश्व गुरु बना सकते हैं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



स्वामी विवेकानंद अद्वितीय संत थे। वे उच्च कोटि के विद्वान के साथ ही मां भारती के सच्चे सपूत थे। वे आजीवन देश व धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे तथा युवाओं को देश के पुननिर्माण के लिए प्रेरित करते रहे। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। उक्त बातें गुरुवार को डुमरांव के संत जॉन सेकेन्डरी स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् डा. रमेश सिंह ने कही। बता दें कि विद्यालय परिवार स्वामी विवेकानंद जयंति के पूर्व संध्या पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया था, जिसमें छात्र-छात्राओं के बीच स्वामी विवेकानंद समेत देश के अन्य महापुरूषों के जीवनी पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद उच्चकोटि के विद्वान थे। उनके अंदर राष्ट्रीयता की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने कहा कि स्वामीजी को युवाओं पर बहुत भरोसा था तथा उनका विश्वास था कि युवा ही इस देश का पुननिर्माण कर इसे फिर से विश्व गुरु बना सकते है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने संदेदश दिया था कि उठो, जागो और तबतक लक्ष्य की तरफ बढ़ते रहो जबतक उसे पा न लो। उन्होंने छात्रों से स्वामीजी के जीवन से सीख लेने तथा उनके पदचिन्हों पर चलने की बात कही। इसके अलावे डॉ. सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री, भगत सिंह, भगवान श्रीराम आदि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अहम जानकारियां दी। विचारगोष्ठी के दौरान वर्ग नौ के चंद्रशेखर कुमार, अभिषेक राय, हिमांशु सिंह, दीपीका कुमारी व सृष्टि कुमारी ने अपने विचार रखे।







# चंदौली में 663 नहरों का जाल, फिर भी 370 गांवों के किसान बेहाल

♦ नहरों की साफ-सफाई के लिए करोड़ों रुपए हुए शासन से अवमुक्त

**केटी न्यूज/ चंदौली**

धान का कटोरा उत्पादन के लिहाज से प्रदेश में अग्रणी है। जिले में कर्मनाशा, चंद्रप्रभा सिस्टम व नारायनपुर लिफ्ट कैनाल से निकली 663 नहरों और माइनरों का 856 किलोमीटर तक जाल फैला हुआ है। फिर भी टेल के किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल हर साल बेपानी सूख जाती है। नहरों के टेल पर बसे नरवन क्षेत्र के 370 गांवों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। इसको लेकर किसान अक्सर हंगामा करते हैं, लेकिन सिचाई संसाधनों को दुरूस्त करने को लेकर शासन-प्रशासन उदासीन है। वहीं शासन की ओर से एक करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त हुई है। लेकिन, देखना अब यह हैं कि कितना नहरों की साफ-सफाई हो पाती है। जनपद कुल 21 लाख की आबादी है।इसमें जिले में 1.76 लाख लघु, सीमांत व 11 हजार 500 बड़े किसान हैं। वहीं तकरीबन एक लाख 27 हजार हेक्टेयर भूमि में खरीफ व रबी फसलों की खेती होती है। चावल उत्पादन के मामले में प्रदेश में चंदौली



का शाहजहांपुर के बाद दूसरा स्थान है। सालाना करीब पांच लाख एमटी धान और चार लाख मिट्रिक टन गेहूं का उत्पादन होता है। 1951 में पहली पंचवर्षीय योजना के दौरान जिले को चंद्रप्रभा बांध की नींव पड़ी तो 1962 में मूसाखाड़ बांध की सौगात मिली। दोनों बांधों से निकली लेफ्ट कर्मनाशा व राइट कर्मनाशा के साथ नरायनपुर लिफ्ट कैनाल से निकली मुख्य गंगा नहर की बदौलत ही धान के कटोरे का अधिकांश हिस्सा आबाद है। हालांकि नहरों व माइनरों की मरम्मत व सफाई में लापरवाही बरती जाती है। नियमित सफाई न होने से नहरें झाड़झंखाड़ से पटी हुई हैं। वहीं कई जगहों पर तटबंध टूटे होने से टेल तक पानी नहीं पहुंचता है। इससे नरवन के किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रेड़ा के पीक सीजन में सिचाई के अभाव में धान की फसल सूख जाती है। इसको लेकर किसान कई बार आंदोलन कर चुके हैं। हर बार सिचाई विभाग व प्रशासनिक अधिकारी आश्वासन देकर किसानों को शांत करा देते हैं। लेकिन, आज तक समस्या बरकरार है। मूसाखाड़ बांध से निकली लेफ्ट कर्मनाशा मुख्य नहर हेड पर ही कमजोर है। करीब दो किलोमीटर तक नहर का तटबंध जर्जर है। इसके चलते फुल गेज से नहर संचालित करने पर तटबंध टूट जाता है। शासन से धनराशि मिलने के बाद तटबंध के कुछ भाग की मरम्मत कराया गया है, लेकिन शेष हिस्सा अभी भी जर्जर है। विभागीय अधिकारियों के माने तो नेहरों की मरम्मत और साफ सफाई के लिए लगभग एक करोड रुपए से अधिक की धनराशि आई है। जिससे नहरों की साफ सफाई हुआ है।

## खबरें फटाफट

### इंटर कालेज में चोरी, छानबीन में जुटी पुलिस

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के उतरौली में बुधवार की रात इंटर कालेज के कार्यालय का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने उसमें रखा इंवर्टर, उसकी बैट्री, सोलर बैट्री, साउंड सिस्टम एवं दो माइक्रो फोन पर अपना हाथ साफ कर दिया। इस मामले में प्रबंधक राजनारायण सिंह ने थाने में तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। इसकी जानकारी विद्यालय प्रशासन को सुबह तब हुई जब वह पहुंचे और देखा कि कार्यालय का दरवाजा टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो उक्त सभी सामान जिसकी लागत करीब 50 हजार रुपये था, वह गायब है। लोगों ने कहा कि थाना क्षेत्र में पुलिस अपराध को रोक पाने में नाकाम साबित हो रही है।

### स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील में एकल अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा चेतना दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। महिलाओं ने साफ–सफाई कर आयोजन को संपन्न कराया। जिसमें एकल विद्यालय की समिति एवं कार्यकर्ता व आचार्य बहनें तीनों संच की उपस्थिति सराहनीय रही। जिसमें उषा देवी, नीलम कुशवाहा, मनोरमा शर्मा, अजय पांडे, रमोगरा सिंह, बेचन लाल गुप्ता, डॉक्टर सीताराम मौर्य, महानंद पांडेय, रमेश प्रसाद सोनी, वेद पांडेय, बृजेश यादव, रामजी मिश्रा, इमरान हाशमी, सुरेंद्र कुशवाहा आदि शामिल थे।

### ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**मऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रत्येक आरओ मुख्यालय, तहसील मुख्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में आज कलेक्ट्रेट कैंपस में अवस्थित अतिरिक्त उप जिलाधिकारी कोर्ट के बगल में ईवीएम जागरूकता का शुभारंभ किया गया। जिसका अपर जिलाधिकारी/उप निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा जनमानस से अपील किया गया कि वह भी वोट प्रक्रिया में भाग ले एवं ईवीएम/वीवी पैट से संबंधित जानकारी प्राप्त करें।

### विद्युत अभियंता को आयोग में तलब

**चंदौली।** विद्युत अधिशासी अभियंता तृतीय को सूचना न देना भारी पड़ गया है।उनके इस गैर जिम्मेदाराना रैवये पर राज्य सूचना आयोग सख्त है।राज्य सूचना आयुक्त ने पत्र जारी करते हुए 15 जनवरी को मांगे गए सभी दस्तावेज के साथ तलब किया है।साथ ही चेताया है कि इसमें लापरवाही करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।आपको बात दे कि अमावल गांव के डॉ.दयाशंकर खरवार ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत विद्युत सम्बन्धी कुछ जानकारी मांगी थी।निर्धारित समय तक अधिशासी अभियंता टालमटोल करते रहे। सूचना न मिलता देख शिकायतकर्ता राज्य सूचना आयोग में अपील किया है।

घने कोहरे के कारण अनियंत्रित चार पहिया वाहन विद्युत पोल से टकराकर खाई में पलटी

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

♦ शव देखते ही चीत्कार उठे परिजन, गांव में शोक व सन्नाटा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

घने कोहरे व शीतलहर के कारण सड़क दुघर्टना में तेजी से इजाफा हुआ है। बुधवार की देर रात सुहवल थाना अंतर्गत भगीरथपुर गांव के पास हाई-वे पर बाइक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बाढ़ू राम (39) निवासी भगीरथपुर की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार चार पहिया वाहन कुछ दूर मार्ग के किनारे बिजली के पोल से टकराते हुए खाई में पलट गई। सूचना पर पहुंची पत्नी रीमा देवी सहित परिजनों का रो -रो कर बुरा हाल था। ग्रामीणों के मुताबिक यह हादसा घर के ठीक सामने हाई-वे पर स्थित दुर्गा मंदिर के समीप हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर हादसे के बाद मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कार सवार दो लोगों को हिरासत में लेते हुए उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार



को कब्जे में ले लिया। मृतक का बड़ा भाई प्रेमशंकर ने बताया कि उसका छोटा भाई गाजीपुर स्थित एक अस्पताल में नौकरी करता था। वह अपनी ड्यूटी समाप्त होने पर बाइक से घर आ रहा था। अभी वह घर के समीप पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार भाई को जोरदार टक्कर मारते हुए बिजली के खंभे में जा टकराया। जिससे वह टूट गया और चार पहिया वाहन खाई में पलट गया। उसमें से किसी तरह सवारों को बाहर निकाला पाये। उनकी जान बाल- बाल बची गये। जबकि इस हादसे में उसका छोटा भाई मौके की मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि बताया कि बाढ़ू राम की शादी बिहार में रीमा से हुई थी। मृतक के दो पुत्र क्रमशः हिमांशू व प्रियांशु हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष राय ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों का कहना है कि घने कोहरे के कारण अक्सर दुर्घटना हो रही है। चार पहिया वाहन अपनी रफ्तार धीमी नहीं कर रहे है। जिस कारण इस तरह की घटना हो रही है।

## महिला पॉलिटेक्निक में छात्रा ने पंखे से लटकर दे दी जान

♦ छात्रा के कमरे से मिला सुसाइड नोट, एक युवक पर लगाया है आरोप

**केटी न्यूज/ बलिया**

राजकीय महिला पॉलिटेक्निक बलिया की आईटी प्रथम वर्ष की एक छात्रा ने बुधवार की रात हॉस्टल में पंखे के हुक में फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। यह जानकारी तब हुई, जब मेस से खाना खाकर लौटी छात्राओं ने मृतक छात्रा को खाना खाने के लिए आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो छात्राओं ने दरवाजे को खोलने के लिए धक्का दिया गया। इसके बाद छात्राओं ने शोर मचाया कार्यवाहक वार्डन को सूचना दिया। वार्डेन ने तत्काल प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों सूचना दिया। इसके बाद स्थानीय बांसडीहरोड पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस के भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक छात्रा कानपुर की रहने वाली बतायी जा रही है। शिक्षकों द्वारा छात्रा के परिजनों को रात में ही सूचना कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना ठेकवन क्षेत्र के फेखपुर निवासी अंशु 18 वर्ष पुत्री राजकुमार राजकीय महिला पॉलिटेक्निक बलिया में आईटी प्रथम वर्ष की छात्रा थी, जो हॉस्टल में रहकर पढ़ती थी। जिसने बुधवार की रात पंखे के हक में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। छात्रा के कमरे से सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने अपने प्रेमी पर आरोप लगाया है। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। यह करीब दो माह से हॉस्टल में रह रही थी। थानाध्यक्ष अखिलेश चंद पांडेय ने बताया कि छात्रा ने अपने कमरे में पंखे के हुक में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है और उसके कमरे से सुसाइड नोट मिला है।

## बलिया के किसान की बिहार में गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/ मनियर**

बिहार प्रांत के सीवान जनपद अंतर्गत थाना असांव क्षेत्र के विक्रमपुर गोबरहीं मौजे दियारे में मनियर थाना क्षेत्र के एक किसान की गोली मारकर एवं गुप्ती से वार कर हत्या कर दी गई। हत्या I बुधवार की रात में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छोटे लाल यादव 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामदेव यादव ग्राम घाटमपुर थाना मनियर जनपद बलिया उत्तरप्रदेश के निवासी है। वह विक्रमपुर गोबरहीं थाना असांव जनपद सीवान बिहार दियारे में रहकर खेती करते थे। बुधवार में गोली मारकर हत्या कर दी गई परिजनों के अनुसार मौके पर पिस्तौल की गोली का खोखा एवं वहां एक गुप्ती भी मिली है। एक गोली सीने पर तथा एक गोली पैर में लगी है। बताया जा रहा है कि गुप्ती से भी उसके शरीर पर हमला किया गया है। परिजनों के अनुसार उक्त युवक के ऊपर करीब एक साल पूर्व भी हमला किया गया था।



बदमाश युवक को पानी में फेंक दिए थे। वह किसी तरह से बच गया था। घर पर पत्नी कमलावती देवी शादीशुदा बेटी चंपा एवं गीता तथा अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के तीन पुत्र बृजेश 30 वर्ष, राजेश 25 वर्ष एवं उमेश 20 वर्ष है। घटना के संदर्भ में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार सवारों व कार को कब्जे में लेकर उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है। हालांकि पुलिस को इस बात की जानकारी प्राप्त नहीं हो पायी है कि हत्या किस कारण से की गई है।

## धान क्रय में खराब प्रदर्शन करने वाले 14 क्रय केंद्र प्रभारियों को चेतावनी पत्र

**केटी न्यूज/ मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा जनपद के सभी एजेंसियों के क्रय केंद्रों पर धान खरीद योजना की समीक्षा के दौरान खराब प्रदर्शन करने वाले कुल 14 केंद्र प्रभारियों को चेतावनी पत्र जारी किया गए किए गए। ऐसे क्रय केंद्र जहां पर केंद्र के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 60प्रतिशत से कम धान खरीद हुई है। उनमें खाद्य विभाग की विपणन शाखा के क्रय केंद्र डुमरांव, रतनपुरा, रतनपुरा द्वितीय,भारतीय खाद्य निगम के क्रय केंद्र ताजोपुर औद्योगिक क्षेत्र तथा पीसीएफ के क्रय केंद्र फतेहपुर, कोईरियापार तथा इंदारा है।

इसी प्रकार जिन क्रय केंद्रों पर सीएमआर डिलीवरी 40 प्रतिशत से कम है, उनमें खाद्य विभाग के विपणन शाखा के क्रय केंद्र घोसी,अमिला,गोठा मंडी दोहरीघाट द्वितीय तथा मधुबन एवं पीसीएफ के क्रय केंद्र तेघना, काजीहसन,मौरबोझ, इंदारा तथा सलाहाबाद शामिल है। जिन क्रय केंद्रों से धान का प्रेषण 50 प्रतिशत



से कम है, उनमें खाद विभाग की विपणन शाखा के क्रय केंद्र डुमरांव, घोसी तथा पीसीएफ के क्रय केंद्र मौरबोझ एवं इंदारा शामिल है। इस प्रकार ऐसे क्रय केंद्र जहां पर केंद्र के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 60 प्रतिशत से कम धान खरीद, सीएमआर डिलीवरी 40 प्रतिशत से कम है तथा जहां पर धान का प्रेषण 50 प्रतिशत से कम है, उन क्रय केंद्रों के केंद्र प्रभारियों को कठोर चेतावनी पत्र आज जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने ऐसे समस्त क्रय केंद्र प्रभारियों को केंद्रों हेतु निर्धारित पैरामीटर एवं लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि धान की खरीदारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। किसानों के पास जो भी दस्तावेज है उसकी जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करते हुए धान की खरीद की जाए। यह प्रयास किया जाए कि किसान अपने उत्पादन को बेचने के लिए परेशान नहीं हो।

स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि और जल संसाधन, शिक्षा, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास और मूलभूत अवसंरचना के 75 इंडिकेटरों पर चर्चा हुई चर्चा

## डीएम ने एलडीएम व आईटीआई के प्रधानाचार्य को थमाया शो कॉज नोटिस

**केटी न्यूज/ बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकासखंडों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें जिले के आठ विकासखंड शामिल हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि और जल संसाधन, शिक्षा, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास और मूलभूत अवसंरचना के 75 इंडिकेटरों पर चर्चा की गई।

एडीएसटीओ विजय शंकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सौ आकांक्षात्मक विकासखंडों में



निर्धारित 75 इंडिकेटरों पर गढ़वार 6 वां,हनुमानगंज 7वां और मनियर 9वें स्थान पर है। नीति आयोग एबीपी रैंकिंग में देश के 500 आकांक्षात्मक विकासखंडों में बांसडीह 15वें स्थान पर है। उत्तर प्रदेश के आकांक्षात्मक विकासखंडों की ओवर ऑल रैंकिंग में गढ़वार (6 से 7वें स्थान)और चिलकहर की प्रगति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गढवार के सीएम फेलो से पिछड़ने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं पोषण में सैम, मैम और अति कुपोषित बच्चों में पंजीकृत बौने बच्चों की संख्या ज्यादा होने की वजह से प्रदर्शन खराब हुआ। चिलकहर के सीएम फेलो ने पिछड़ने का कारण कृषि क्षेत्र में कुछ इंडिकेटर्स में डाटा फिडिंग ना होना बताया। डीएम ने 5 साल के अंडरवेट बच्चों की संख्या, एएनसी पंजीकरण, गर्भवती महिला, संस्थागत प्रसव, सेक्स रेशियों एट बर्थ, लो वेट बर्थ बेबी और गोल्डन कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन में प्रगति लाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए।

डीएम ने सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किसान तथा निजी क्षेत्र में इस सिंचाई का प्रयोग करने वाले किसानों का समस्त डाटा एटीएम एवं वीटीएम के माध्यम से इकट्ठा कर पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही चेतावनी दिया कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### चार खिलाड़ियों का जूनियर नेशनल हैंडबाल में चयन

**मऊ।** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बड़े हर्ष के साथ बताया कि करौली, राजस्थान में जूनियर नेशनल हैण्डबाल बालक प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली उप्र की हैण्डबाल टीम में जनपद मऊ के चार खिलाड़ियों, हरिनाथ राजभर, दिव्यांश कुमार गुप्ता, मनीष भारद्वाज एवं सोनू चौहान का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में राजीव कुमार जायसावाल हैण्डबाल प्रशिक्षक के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों के उप्र की हैण्डबाल टीम में चयनित होने पर मुकेश कुमार सब्बरवाल, ओमेन्द्र सिंह , आनन्द सिंह, अयुब अख्तर खान, अजहर कमाल, संजय कुमार सिंह राजीव कुमार जायसवाल, अखिलेश कुमार खरवार ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### युवाओं ने भाषण प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**गाजीपुर।** जिले के नेहरु युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरा भारत विकसित भारत विषय पर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सत्यदेव डिग्री कॉलेज में गुरुवार को किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधन निदेशक डॉ. सानंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में अनिमेष कुमार मिश्रा, मृत्यंजय कुमार राय तथा कंदर्प तिवारी ने विशेष स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेंगे। निर्णायक मंडल में डा. सारिका सिंह, डॉ. स्मिता राय, पारसनाथ यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बेरोजगार युवा रोजगार मेले का उठाएं लाभ

**मऊ।** जिला सेवायोजना अधिकारी एमआर प्रजापति ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राऔप्र संस्थान, एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से जनपद मऊ मे विकास खंडवार रोजगार मेला दिनांक 16 जनवरी 2024 को श्यामा तिवारी महाविद्यालय तिनहरी मधुबन मऊ, दिनांक 19 जनवरी 2024 को इन्दिरा गांधी आईटीआई परिसर डुमरी मर्यादपुर मधुबन मऊ, तथा 20 जनवरी 2024 को कृष्ण मेमोरियल महाविद्यालय रतनपुरा मऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेले में स्काई इण्डिया टेक्सटाईल प्रालि०, फूरूकावा मिण्डा इलेक्ट्रनिक प्रालि, वेलस्पन इण्डिया लि०, इत्यादि कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर अपनी रिक्तियों के सापेक्ष बेरोजगार अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्रदान करने की कार्यवाही साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी।

### आदित्य का बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन में चयन

**गाजीपुर।** जिले के बाराचवर ब्लॉक अंतर्गत गांव पहाड़ीपुर के निवासी बलवंत सिंह के पुत्र आदित्य सिंह का चयन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल में हुआ है। जिससे परिवार सहित पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। युवाओं के लिए यह एक अत्यंत ही मनोबल देने वाला कार्य हुआ है, इसकी प्रेरणा से आजकल के युवा बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अच्छी रुचि लेंगे। साथ ही अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करते हुए अपने माता-पिता को गौरवान्वित करेंगे। आदित्य सिंह का चयन बंगाल क्रिकेट टीम में होने से जनपदवासियों ने बधाई के साथ ही प्रोत्साहन दिया है। यह आगे चलकर हम लोगों के क्षेत्र का नाम रोशन करे। सामाजिक कार्यों में अपनी पूर्ण भागीदारी रखने वाले आदिशक्ति सेवा संस्थान के अध्यक्ष रजनीश सिंह का यह भतीजा है। कहा कि यह हमारे लिए तथा क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत ही गौरव का कार्य हुआ है। आप लोगों का ऐसे ही प्यार और आशीर्वाद मिलता रहे। इसके लिए हम आप सभी को आभार व्यक्त करते हैं।

### शास्त्रीजी की जन्मस्थली पहचान की मोहताज : शैलेंद्र

**चंदौली।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को शास्त्री जन्मस्थली सेंट्रल कॉलोनी मुगलसराय में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जन्मस्थली सेवा न्यास संयोजक कृष्ण गुप्ता के नेतृत्व में न्यास के सदस्य धरना उपवास पर बैठे। बताते चलें कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की विश्व विख्यात जन्मस्थली अपने पहचान के लिए मोहताज है। शास्त्री जी की जन्मस्थली के विकास करने से जुड़ी मांगों को लेकर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से की मांग की गई। न्यास के सदस्यों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उपवास धरना से पहले दिव्यांग सदस्यों ने ने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माला पहनकर दीप जलाकर धरना का शुभारंभ किया। कायस्थ समाज के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री शैलेंद्र श्रीवास्तव ने चाय पिलाकर धरना उपवास समापन कराया । पवन शर्मा, शंकर चौहान, अभिषेक नारायण, भागवत नारायण चौरसिया, सुरेश यादव पूर्व सभासद, जितेंद्र प्रताप , प्रवेश कुमार, संजय चौहान दिव्यांग, धर्मेंद्र यादव, दिलीप चौहान ,शिव कुमार, दुर्गा जायसवाल आदि सदस्य रहे मौजूद रहे।



